# Question bank

**Chapter-1 प्रणति**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें:**

1- 'पुण्यवेदी' से क्या तात्पर्य है?

2- हमें देशभक्तों की जय-जयकार क्यों करनी चाहिए?

3- 'जल-जल कर बुझ गए' कविता की इस पंक्ति का भावार्थ अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

4- 'वीरों की सिंहनाद अर्थात् गर्जना सुनकर मनुष्य तो क्या धरती तक सहम जाती है।' इस वाक्य का भावार्थ दो अथवा तीन पंक्तियों में स्पष्ट कीजिए।

5- इस कविता को पढ़कर स्पष्ट कीजिए कि कवि ने इसकी रचना किन लोगों को सम्मान देने के लिए की है?

**Q-2 जबानी बताओ**

1- 'अस्थियाँ जलाने' का क्या भावार्थ है?

2- वे लोग कौन हैं, जो अपनी गर्दन का मोल लिए बिना ही उसे सहर्ष कटवाने के लिए तैयार रहते हैं?

3- क्या आप बता सकते हैं कि इस कविता में कवि ने 'अगणित लघु दीप' कह कर किसे संबोधित किया है?

4- देशभक्त और वीर लोग अपने देश के लिए हँसते-हँसते अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देते हैं। वे किसी से स्नेह की भीख नहीं माँगते। आप ऐसे देशभक्तों के बारे में क्या कहेंगे?

5- किनके सिंहनाद से सहमी धरती अभी तक डोल रही है?

## Multiple Choice Questions

**(a) जला अस्थियाँ ---------------, पंक्ति पूरी कीजिए।**

(i) आग लगाओ

(ii) बारी-बारी

(iii) शहीद हो

(iv) समाप्त कर

**(b) वीर-वीरांगना किसका मोल किए बिना मातृभूमि पर न्यौछावर हो गए?**

(i) स्वतंत्रता

(ii) धरती

(iii) गर्दन

(iv) वीरता

**(c) तूफ़ानों में एक --------, पंक्ति को पूरा कीजिए।**

(i) भोर

(ii) ताल पर

(iii) किनारे

(iv) दिन

**(d) वीर मातृभूमि के क्या होते हैं?**

(i) नौकर

(ii) सच्चे वासी

(iii) सच्चे सेवक

(iv) राजा

**(e) मुँह खोलकर स्नेह की माँग किसने नहीं की?**

(i) शहीदों के परिवार ने

(ii) भारत के मजदूरों ने

(iii) राजाओं ने

(iv) भारत के शहीदों ने

**Chapter-2 परीक्षा**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

1- 'परीक्षा' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखिए।

2- दीवान के पद के लिए किन-किन गुणों वाला व्यक्ति योग्य था?

3- इस कहानी के आधार पर बताइए कि एक उत्तम शासक में क्या-क्या गुण होने चाहिए?

4- पंडित जानकीनाथ का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

5- इस कहानी की भाषा-शैली की चर्चा अपने शब्दों में कीजिए।

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें:**

1- सरदार सुजानसिह ने राजा से क्या विनती की?

2- समाचारपत्रें में क्या विज्ञापन दिया गया?

3- पंडितों तथा मौलवियों को क्या करने का अवसर मिला?

4- मिस्टर 'ब' में क्या खूबी थी?

5- कौन-सा उम्मीदवार किताबों से घृणा करता था?

6- रियासत में निराली बात क्या थी?

7- किसान के वेष में रियासत का कौन-सा प्रमुख व्यक्ति नाले पर बैलगाड़ी लिए खड़ा था?

8- युवक ने किसान को दुविधा में फँसे देखकर क्या कहा?

9- सुजानसिह ने नए दीवान के रूप में किसको चुना?

10- सुजानसिह ने पंडित जानकीनाथ में कौन-कौन से गुण पाए?

## Multiple Choice Questions

**(a) सरदार सुजान सिंह ने रियासत की सेवा कितने वर्षो तक की थीं?**

(i) चालीस

(ii) पैतीस

(iii) बीस

(iv) तीस

**(b) इस विज्ञापन ने सारे मुल्क में --------, पंक्ति को पूरा कीजिए।**

(i) (घ) धूम मचा दी

(ii) आग लगा दी

(iii) खबर पहुँचा दी

(iv) हलचल मचा दी

**(c) सरदार सुजान सिंह किस रियासत के दीवान थे?**

(i) रायगढ़

(ii) देवगढ़

(iii) रामगढ़

(iv) श्यामगढ़

**(d) हुक्का पीने का शौक किस उम्मीदवार को था?**

(i) मिस्टर 'अ'

(ii) मिस्टर 'स'

(iii) मिस्टर 'क'

(iv) मिस्टर 'ब'

**(e) कौन-सा उम्मीदवार एक नास्तिक उम्मीदवार था?**

(i) मिस्टर 'क'

(ii) मिस्टर 'ब'

(iii) मिस्टर 'स'

(iv) मिस्टर 'ज'

**Chapter-3 डा. हरिवंश राय बच्चन**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें:**

1- 'हालावाद' से आप क्या समझते हैं?

2- बच्चन जी को अपनी किस काव्य-कृति से सर्वाधिक लोकप्रियता मिली?

3- बच्चन जी की 'मधुशाला' का अंग्रेजी में अनुवाद किन दो व्यक्तियों ने किया?

4- बच्चन जी की 'निशा निमंत्रण' नामक काव्य-कृति का प्रकाशन कब हुआ?

5- अपने विवाह के उपरांत बच्चन जी को सुख और संपन्नता का जीवन कब प्राप्त हुआ?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

1- बच्चन जी की काव्य रचना पर प्रकाश डालिए।

2: बच्चन जी की 'मधुशाला' नामक काव्यकृति का विश्लेषण अपने शब्दों में कीजिए।

3- इस लेख के आधार पर बच्चन जी के जीवन के विषय में बताइए।

4- बच्चन जी द्वारा लिखी गई कविताओं की भाषा-शैली तथा उनकी लोकप्रियता पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

**Q-3 निम्नलिखित वाक्यों से क्रिया-विशेषण छाँटकर लिखिए:**

(क) धीरे चलो अब रुकना है।

(ख) इधर-उधर दौड़ना अच्छी बात नहीं है।

(ग) ध्यानपूर्वक पढ़ो और भली-भाँति उत्तर दो।

(घ) कल मत आना, मैं नहीं मिलूँगा।

## Multiple Choice Questions

**(a) कवि हरिवंश राय किस विख्यात हिंदी फिल्म अभिनेता के पिता थे?**

(i) संजय दत्त

(ii) अमिताभ बच्चन

(iii) सैफअली खाँ

(iv) अजय देवगन

**(b) 'हाउस ऑफ वाइन' किस हिंदी काव्य ग्रंथ का अंग्रेजी अनुवाद है?**

(i) रामचरितमानस

(ii) गीतांजलि

(iii) मधुशाला

(iv) गीत गोविंद

**(c) कवि हरिवंश राय बच्चन ने किस विश्वविद्यालय में नौकरी की?**

(i) दिल्ली

(ii) कुरूक्षेत्र

(iii) इलाहाबाद

(iv) जवाहरलाल नेहरू

**(d) हरिवंश राय बच्चन की प्रसिद्ध काव्य कृति 'सतरंगिनी' का प्रकाशन कब हुआ?**

**(e) कवि हरिवंश राय बच्चन की मृत्यु कब हुई?**

(i) 2009

(ii) 1990

(iii) 2003

(iv) 1997

**Chapter-4 एक दिन माँ के लिए**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें :**

प्रश्न 4. प्राचीन यूनान में वसंत ऋतु में कौन-सा उत्सव मनाया जाता था ?

प्रश्न 5. ऐना जार्विस ने प्रथम मदर्स-डे कब मनाया?

प्रश्न 6.8 मई, 1914 को कौन-सा रविवार मातृ-दिवस के रूप में घोषित किया गया?

प्रश्न 7. मदर्स डे अथवा मातृ-दिवस को विश्व भर में लोकप्रियता कब मिली?

प्रश्न 8 माँ तथा बच्चे का संबंध श्रेष्ठतम अथवा शाश्वत संबंध होता हैक्यों?

प्रश्न 1. मिडलेट संडे से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 2. कौन-सी शताब्दी में ब्रिटेन में मदरिंग संडे मनाने का उल्लेख मिलता है?

प्रश्न 3. 'मदरिंग संडे' पर शहर से आने वाले कामगार अपनी माँ के लिए कौन-कौन-सी वस्तुएँ लेकर आते थे?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें**

प्रश्न 1. मदर्स डे या मातृ-दिवस की शुरुआत पर संक्षेप में चर्चा करें।

प्रश्न 2. रीहा कौन थी? उसके नाम पर मनाए जाने वाले उत्सव का क्या तरीका था?

प्रश्न 3. ऐना जार्विस नामक महिला ने मातृ-दिवस को किस तरह मनाया?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए:**

दिन

माँ

महिला

फूल

## Multiple Choice Questions

**(a) 'मात‍ृ दिवस' अथवा 'मदर डे के मनाने की परपंरा कब शरूु हइु ?**

(i) सोलहवीं शताब्दी

(ii) सत्रहवीं शताब्दी

(iii) अट्ठारहवी शताब्दी

(iv) पंद्रहवीं शताब्दी

**(b) 'मदर डे का अधिकारिक प्रतिक चनुने का पस्ताव किसका था?**

(i) ऐना जॉर्ज

(ii) ऐना वालिस

(iii) ऐना जार्विस

(iv) ऐना बॉटले

**(c) 'मदर इंडिया' फिल्म के निर्माता कौन थे?**

(i) यश चोपड़ा

(ii) सुभाष घई

(iii) देवानंद

(iv) महबूब खान

**(d) 'मदर्स-डे' को प्रारंभ में क्या कहा जाता था?**

(i) मदरिंग संडे

(ii) होली संडे

(iii) ईस्टर संडे

(iv) मातृ-दिवस

**Chapter-5 योग - जीने की कला**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें:**

प्रश्न 1. योग जीवन की एक कला है। कैसे?

प्रश्न 2. योग से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 3. आज के प्रतिस्पर्धापूर्ण युग में योग का क्या महत्त्व है?

प्रश्न 4. स्वामी रामदेव ने किस रोग के इलाज का मूलमंत्र योग को बताया है?

प्रश्न 5. स्वामी रामदेव जी ने किस अभियान को बल दिया है?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से हैं:**

प्रश्न 2. स्वामी रामदेव योग के प्रचार-प्रसार पर बल क्यों देते हैं?

प्रश्न 3. योग समाज व राष्ट्र के लिए किस तरह लाभदायक सिद्ध हो सकता है?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए:**

पौधा

पेंसिल

पुस्तक

मुद्रा

## Multiple Choice Questions

**(a) प्रकृति से जुड़ी सुंदरतम विद्या कौन-सी है?**

(i) योग

(ii) चिकित्सा

(iii) ज्योतिष

(iv) विज्ञान

**(b) आज के समाज का सही रूप कौन-सा है?**

(i) रूढ़िवादी

(ii) परंपरागत

(iii) प्रतिस्पर्धापूर्ण

(iv) प्रतिस्पर्धा रहित

**(c) योग कौन-सी ऊर्जा बढ़ाने में सहायक है?**

(i) आंतरिक

(ii) बाह्य

(iii) विद्युत

(iv) यांत्रिक

**(d) स्वामी रामदेव के अनुसार योग किसके लिए मूलमंत्र है?**

(i) मानसिक तनाव

(ii) एड्स

(iii) कैंसर

(iv) शारीरिक सेहत

**Chapter-6 गंगा बाबू कौन**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें:**

प्रश्न 1. लेखिका ने गंगा बाबू की किस वस्तु को दुर्लभ निधि की संज्ञा दी ?

प्रश्न 2. गंगा बाबू ने लेखिका को कहाँ आने के लिए आमंत्रित किया?

प्रश्न 3. लेखिका से किसके द्वारा लगाए गए वृक्ष की बगल में एक नया वृक्ष लगाने के लिए विनती की गई?

प्रश्न 4. लेखिका ने किल के रेलवे स्टेशन पर कैसा दृश्य देखा?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

प्रश्न 1. गंगा बाबू ने एक श्रेष्ठ संस्मरण की क्या विशेषताएँ बताई?

प्रश्न 2. लक्खी सराय स्थित बालिका विद्यापीठ की विलक्षणता पर प्रकाश डालिए

प्रश्न 3. लेखिका ने मेहमानखाने में उस रात को कितने कष्ट उठाते हुए काटा ?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक लिखिए:**

सराहना

सफल

जीवित

माहिर

## Multiple Choice Questions

**(a) लेखिका का गंगा बाबू से परिचय कितने वर्ष पुराना था?**

(i) बीस

(ii) पंद्रह

(iii) दस

(iv) बारह

**(b) विद्यालय किसकी प्रिय शिक्षण संस्था थी?**

(i) जवाहरलान नेहरू

(ii) प्रेमचंद

(iii) महादेवी वर्मा

(iv) राजेंद्र प्रसाद

**(c) इस संस्मरण की लेखिका कौन हैं?**

(i) शिवानी

(ii) महादेवी वर्मा

(iii) शिव रानी

(iv) अमृता प्रीतम

**(d) फिर आपके सुनने का ढंग भी ---- पंक्ति को पूरा कीजिए।**

(i) अच्छा है

(ii) अनोखा है

(iii) साधारण है

(iv) विशेष है

**Chapter-7 मीरा के भक्ति पद**

**Q-1 निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए:**

माई

गोविंद

दिन

पवन

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें:**

प्रश्न 1. मीरा ने अमोलक शब्द किसके लिए प्रयोग किया है?

प्रश्न 2. लोग मीरा की किस बात के बारे में जानते हैं?

प्रश्न 3. मीरा के लिए सबसे मूल्यवान धन कौन-सा है?

प्रश्न 4, भव-सागर को पार करने में कौन सहायता करता है?

प्रश्न 5. सावन की घटाएँ मीरा को क्या संदेश देती हैं?

प्रश्न 6. झड़ लगने का संकेत कौन देता है?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक लिखिए:**

माता

मोल

गोरा

खोलना

दिन

## Multiple Choice Questions

**(a) मीराबाई किसको मोल लेने की बात कहती हैं?**

(i) गाय

(ii) गाँव

(iii) गोविंद

(iv) मंदिर

**(b) मीराबाई किसके दर्शन करना चाहती हैं?**

(i) पति

(ii) गिरधर नागर

(iii) पुत्र

(iv) पुत्री

**(c) इस कविता की रचयिता कौन हैं?**

(i) महादेवी वर्मा

(ii) मीराबाई

(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान

(iv) शिवानी

**(d) मीराबाई के आराध्य भगवान कौन हैं?**

(i) ब्रह्मा

(ii) विष्णु

(iii) शिव

(iv) कृष्ण

**Chapter-8 जीवन के लिए विष है - आवेश**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में**

प्रश्न 2. होरेस फ्लैचर ने क्रोध और चिंता के क्या दुष्परिणाम बताए हैं?

प्रश्न 3. मनुष्य आत्महत्या अथवा हत्या करने की ओर कब प्रवृत्त होता है?

प्रश्न 4. क्रोध को शांत रखना क्यों आवश्यक है?

प्रश्न 5. आत्मनियंत्रण की शक्ति का कोई एक लाभ बताइए ।

प्रश्न 6. मूर्तिकार कहाँ रहता था?

प्रश्न 7. मूर्तिकार को किनकी शादी की चिंता रहती थी?

प्रश्न 8. राजकुमार किस राज्य से संबंध रखते थे?

प्रश्न 1. आवेशों से आप क्या समझते हैं?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

प्रश्न 1. क्रोध के आवेश को नियंत्रित रखने के कोई सार्थक उपाय बताइए।

प्रश्न 2. आत्मनियंत्रण की शक्ति हमें आवेशों पर नियंत्रण करने के काबिल बनाती है। इस उक्ति की पुष्टि अपने शब्दों में कीजिए।

प्रश्न 3. मूर्तिकार का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

प्रश्न 5. क्रोध, चिंता तथा निराशा शरीर को किस तरह कमज़ोर और रोगी बनाते हैं?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए:**

बच्चा

राजकुमार

बेटी

रानी

घोडा

**Q-4 निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए:**

मनुष्य

क्रोध

राजा

शरीर

## Multiple Choice Questions

**(a) आत्मनियंत्रण से तात्पर्य हैः**

(i) अपने पर नियंत्रण

(ii) दूसरो पर नियंत्रण

(iii) आत्मा पर नियंत्रण

(iv) व्यवहार पर नियंत्रण

**(b) निम्नलिखित में से कौन-सा आवेगों की उत्पत्ति का कारण नहीं है?**

(i) कर्म

(ii) विचार

(iii) वाणी

(iv) निद्रा

**(c) मूर्तिकार की कितनी बेटियाँ थीं?**

(i) एक

(ii) दो

(iii) चार

(iv) तीन

**(d) मनुष्य के लिए विष के समान क्या है?**

(i) आवेश

(ii) हर्ष

(iii) कर्म

(iv) व्यवहार

**Chapter-9 हमारे उड़ने के स्वपन**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में**

प्रश्न. गुब्बारों को हवा में उड़ाने की प्रेरणा कब तथा कैसे मिली?

प्रश्न 2. लवाजिर ने किस गैस को हाइड्रोजन का नाम दिया?

प्रश्न 4 जोसेफ तथा जैक्स ने फ्रांसीसी अकादमी के सहयोग से कौन-सा कार्य किया?

प्रश्न 5. पहली बार गुब्बारे में यात्रा करने वाले तीन जंतु कौन से थे?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें।**

प्रश्न 1. वायु में उड़ने वाले गुब्बारों की कहानी कब तथा कैसे शुरू हुई ? सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 2. फ्रांसीसी भौतिक शास्त्री जे. ए. सी. चार्ल्स द्वारा बनाए एवं उड़ाए गए गुब्बारे की चर्चा कीजिए

प्रश्न 3. कैप्टन कूते कौन थे तथा उन्होंने युद्ध के जनरल की क्या तथा कैसे सहायता की ?

प्रश्न 4. प्रथम वायुपोत का विस्तृत वर्णन करें।

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए:**

परी

गैस

थैली

गाड़ी

दुरी

**Q-4 निम्नलिखित शब्दों के संज्ञा के भेद बताइए:**

आकाश

माला

वायुपोत

पक्षी

बुढ़ापा

## Multiple Choice Questions

**(a) कैवेडिंश ने अपने द्वारा निर्मित गैस को क्या नाम दिया?**

(i) खतरनाक हवा

(ii) ज्वलनशील हवा

(iii) भारी हवा

(iv) हल्की हवा

**(b) प्रथम अमेरिकी गुब्बारे ने उड़ान कब भरी?**

(i) 27 जनवरी, 1973

(ii) 9 जनवरी, 1793

(iii) 12 जनवरी, 1973

(iv) 3 जनवरी, 1973

**(c) फ्रांसीसी रसायन शास्त्री लवाज़िर ने 'ज्वलनशील हवा' को क्या नाम दिया?**

(i) नाइट्रोजन

(ii) हाइड्रोजन

(iii) ऑक्सीजन

(iv) ओजोन

**(d) रायल अकादमी के सहयोग से बनाए गए गुब्बारे का व्यास कितना था?**

(i) 20 फुट

(ii) 30 फुट

(iii) 32 फुट

(iv) 41 फुट

**Chapter-10 एक नई प्रजाति के भिखमंगे**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में**

प्रश्न 1. व्यक्ति भिखारी कब बनता है?

प्रश्न 2. किसी भिखारी की सामान्य दशा का वर्णन कीजिए)

प्रश्न 3. क्या हमें भिखमंगों पर करुणा दिखानी चाहिए?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें**

प्रश्न 1. भिखमंगे समाज की किस सच्चाई को प्रकट करते हैं? व्यंग्य के आधार पर उत्तर दीजिए।

प्रश्न 2. यह व्यंग्य समाज के किस वर्ग की वास्तविकता को दर्शाता है तथा कैसे?

प्रश्न 3भ्रष्ट राजनेता राष्ट्र व समाज को कैसी हानि पहुँचा सकते हैं?

प्रश्न 4. इस व्यंग्य की भाषा शैली का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए:**

गली

कटोरा

आंख

बात

बकरी

**Q-4 निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक लिखिए:**

गरीबी

अपना

पिछला

असल

मान

## Multiple Choice Questions

**(a) भ्रष्ट राजनीति समाज के लिए किसके समान है?**

(i) विष

(ii) अमृत

(iii) वृद्धि

(iv) सेवा

**(b) कैसे नेता समाज की प्रगति में सहायक होते हैं?**

(i) भ्रष्ट

(ii) साधारण

(iii) समर्थ तथा सदाचारी

(iv) स्थानीय

**(c) साधारण भिखमंगे सामान्य रूप से कहाँ भीख माँगते पाए जाते हैं?**

(i) संसद के आँगन में

(ii) विधान सभा में

(iii) मंदिर-मस्जिद के आसपास

(iv) वायुपत्तन के आसपास

**(d) साधारण भिखमंगे किसके नाम पर भीख माँगते पाए जाते हैं?**

(i) देश की उन्नति के नाम पर

(ii) विदेशी सहायता के नाम पर

(iii) ईश्वर व अल्लाह के नाम पर

**Chapter-11 कलाकार का कमाल**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें:**

प्रश्न 1. बहुरूपिया किस-किस का वेष धारण करता है?

प्रश्न 2. लेखक ने किस भाषा की लोक-कथा सुनी थी?

प्रश्न 3. बहुरूपिए ने साधु का वेष क्यों बनाया?

प्रश्न 4. सेठ रूढ़िवादी था अथवा नहीं?

प्रश्न 5. सेठ साधु के पास क्यों गया?

## Multiple Choice Questions

**(a) बहुरूपिए ने किसका छद्म वेष धारण किया था?**

(i) राजा

(ii) साधु

(iii) सेठ

(iv) दुकानदार

**(b) लेखक ने यह किस्सा किस राज्य की लोक-कथाओं में सुना था?**

(i) हरियाणा

(ii) पंजाब

(iii) राजस्थान

(iv) गुजरात

**(c) देखते-देखते कुटिया के सामने ढेर------- पंक्ति को पूरा कीजिए।**

(i) लग गया

(ii) जमा हुआ

(iii) मिट गया

(iv) खत्म हो गया

**(d) छद्म वेष धारण करने वाले को क्या कहते हैं?**

(i) महात्मा

(ii) साध

(iii) बहुरूपिया

(iv) बहेलिया

**Chapter-12 सुनीति**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें:**

प्रश्न 1पति द्वारा घर से निकाले जाने पर सुनीति कहाँ रहने लगी?

प्रश्न 2सुनीति के महल से चले जाने के बाद सुरुचि खुश क्यों थी?

प्रश्न 3. सुरुचि किसे राज्य का उत्तराधिकारी बनाना चाहती थी?

प्रश्न 4. ध्रुव कहाँ का अधिपति बना?

प्रश्न 5. सुरुचि तथा सुनीति के स्वभाव में क्या अंतर था ?

प्रश्न 6. सुरुचि ध्रुव को राजा से दूर क्यों रखना चाहती थी?

प्रश्न 7. बालक ध्रुव को उसकी माता ने क्या समझाया ?

प्रश्न 8. बालक वन में क्यों गया?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

प्रश्न 1. राजा उत्तानपाद ने सुनीति का परित्याग क्यों किया? विस्तार से बताइए।

प्रश्न 2. पिता की गोद से उतारे जाने के बाद दुःखी बालक को सुनीति ने क्या शिक्षा दी तथा उसका क्या परिणाम निकला?

प्रश्न 3. इस कहानी से मिलने वाली सीख को अपने शब्दों में लिखो।

**Q-3 इन शब्दों के अर्थ बताइए**

उत्कंठा

द्वेष

क्रोधाग्नि

तिरस्कार

**Q-4 लिग बदलिए:**

गुणवान

अभागा

## Multiple Choice Questions

**(a) राजा उत्तानपाद की कितनी पत्नियाँ थीं?**

(i) दो

(ii) तीन

(iii) एक

(iv) चार

**(b) सुनीति के पुत्र का क्या नाम था?**

(i) भरत

(ii) विक्रमादित्य

(iii) ध्रुव

(iv) नारायण

**(c) बालक ध्रुव को किसकी बात कचोट रही थी?**

(i) पिता

(ii) विमाता

(iii) मित्र

(iv) माता

**(d) राजा उत्तानपाद की छोटी रानी का क्या नाम था?**

(i) सुरुचि

(ii) सुनीति

(iii) सुनीता

(iv) सुलोचना

**Chapter-13 मैं सबसे छोटी हूँ**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें :**

प्रश्न 1. माँ के आँचल की महिमा का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 2. माँ के लिए सबसे छोटे बच्चे का क्या महत्त्व होता है?

प्रश्न 3. माँ बच्चे को उसके किस सुख से वंचित करती है? अथवा बड़ा होने पर बच्चा माँ से मिलने वाले किस सुख से वंचित हो जाता है?

प्रश्न 4. बच्ची अपनी माँ से किस तरह की शिकायत करती है?

प्रश्न 5. बच्ची को नहला-धुलाकर कौन सजाता है?

प्रश्न 6. बच्ची अपनी माँ के किस स्नेह की छाया में जीवन व्यतीत करना चाहती है?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

प्रश्न 4. बच्ची अपनी माँ से किन-किन कार्यों के न करने की शिकायत करती है?

प्रश्न 5. बच्ची अपनी माँ के आँचल में किस तरह का सुख अनुभव करती है?

प्रश्न 1. कविता के आधार पर ममत्व के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न 2. माँ की कौन-सी बात बच्ची को अच्छी नहीं लगी तथा क्यों?

प्रश्न 3. कविता की भाषा शैली का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए:**

गोदी

माता

खिलौना

परी

**Q-4 निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची लिखिए**

माँ

बच्ची

चंद्रमा

स्वर्ग

## Multiple Choice Questions

**(a) इस कविता के रचयिता कौन हैं?**

(i) रामधारी सिंह दिनकर

(ii) सुमित्र नंदन पंत

(iii) धर्मवीर भारती

(iv) नागार्जुन

**(b) बच्ची किसकी गोदी में सोना चाहती थी?**

(i) माता की

(ii) पिता की

(iii) दादी की

(iv) दादा की

**(c) कभी न छोड़ू तेरा ------- पंक्ति को पूरा कीजिए।**

(i) साथ

(ii) आँचल

(iii) घर

(iv) हाथ

**(d) बच्ची किसके आँचल को पकड़कर घूमना-फिरना चाहती है?**

(i) दादी

(ii) माता

(iii) नानी

(iv) चाची

**Chapter-14 कमला**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें :**

प्रश्न 1. रामरत्न कौन था?

प्रश्न 2. रामरत्न ने कमला को प्यार से पुचकारते हुए क्या कहा ?

प्रश्न 3. कमला प्रत्येक वक्त कितना दूध देती थी?

प्रश्न 4. राधा कौन थी?

प्रश्न 5. कमला की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

प्रश्न 6. बनारसी कमला के दर्शन क्यों करना चाहता था?

प्रश्न 7. कमला ने बनारसी और उसके मुंशी को देखकर क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की?

प्रश्न 8. बनारसी ने कमला के बदले में रामरत्न को क्या दिया ?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें**

प्रश्न 1. रामरत्न के परिवार की आर्थिक स्थिति का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

प्रश्न 2. बनारसी का चरित्र चित्रण कीजिए।

प्रश्न 3. "वह मात्र गाय नहीं, बल्कि मेरे परिवार की सदस्य और सबकी आँखों का नूर है।" कहानी में सम्मिलित इस वाक्य का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए**

पति

गाय

सेठ

लड़का

बेटा

## Multiple Choice Questions

**(a) इस कहानी की लेखिका का क्या नाम है?**

(i) राजरानी देवी

(ii) रीना मुढ़ाल

(iii) महादेवी वर्मा

(iv) शिवानी

**(b) रामरत्न की गाय का क्या नाम था?**

(i) कमला

(ii) रानी

(iii) राधा

(iv) निम्मो

**(c) गाँव के बनिए का क्या नाम था?**

(i) श्रीनाथ

(ii) राजेश्वर

(iii) बनारसी

(iv) घनश्याम

**(d) रामरत्न के परिवार की पालनहार कौन थी?**

(i) कमला

(ii) बबली

(iii) निम्मो

(iv) सविता

**Chapter-15 सैलानियों का स्वर्ग - वृंदावन**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें :**

प्रश्न 5, कृष्णराज सागर के निर्माण में कितना खर्च आया था?

प्रश्न 6. कृष्णराज सागर से कर्नाटक के कितने गाँवों को बिजली मिलती है?

प्रश्न 7. कावेरी की मूर्ति के हाथ में क्या है?

प्रश्न 8. रात्रि को वृंदावन गार्डन के सौंदर्य में चार चाँद कौन लगाता है?

प्रश्न 1. कृष्णराज सागर बाँध बनवाने का श्रेय किसको जाता है?

प्रश्न 2. दक्षिण भारत की गंगा कौन-सी नदी कहलाती है?

प्रश्न 3. डॉ विश्वश्वरैया को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?

प्रश्न 4. कावेरी जल के सुरक्षित क्षेत्र की लंबाई क्या है?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

प्रश्न 1. कृष्णराज सागर बाँध के निर्माण का श्रेय किसे जाता है? उनका इसमें क्या योगदान है?

प्रश्न 2. 'वृंदावन गार्डन' का पर्यटन संबंधी क्या महत्व है? पाठ में सम्मिलित जानकारी के आधार पर उत्तर दीजिए।

प्रश्न 3. कृष्णाराज सागर बाँध का कर्नाटक के लिए क्या महत्व है?

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए:**

राजधानी

सड़क

नदी

भूमि

धारा

**Q-4 निम्नलिखित के विलोम लिखिए:**

उत्तर

जनम

स्थल

आनद

## Multiple Choice Questions

**(a) पर्यटन किस चीज का प्रमुख साधन है?**

(i) धनोपार्जन

(ii) ज्ञानार्जन व मनोरंजन

(iii) भ्रमण

(iv) स्थानों की पहचान

**(b) डॉ- विश्वश्वरैया को कौन-सी उपाधि दी गई?**

(i) साहित्य अकादमी पुरस्कार

(ii) ज्ञानपीठ

(iii) भारत विधाता

(iv) भारत रत्न

**(c) अनोखे बाँध से कितने प्रकार की धााराएँ फूटती हैं?**

(i) चार

(ii) आठ

(iii) दो

(iv) तीन

**(d) वृंदावन का नाम सुनते ही किसका स्मरण हो आता है?**

(i) राम और सीता

(ii) शिव पार्वती

(iii) राधा-कृष्ण

(iv) भगवाण विष्णु

**Chapter-16 इतने ऊँचे उठो**

**Q-1 प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

प्रश्न. कवि क्या-क्या परिवर्तन समाज में करना चाहता है?

प्रश्न 2. 'देखो इस सारी बुनिया को एक दृष्टि से इस पंक्ति द्वारा कवि क्या कहना चाहता है?

प्रश्न 3. हमें पुरानी परंपराएं क्यों बदलनी चाहिए?

प्रश्न -4, हम कैसे इस धरती को स्वर्ग बना सकते हैं?

प्रश्न 5. किसी एक क्रांति के बारे में बताइए ।

**Q-2 पर्यायवाची शब्द लिखिए**

चंद्रमा

सूर्य

गगन

पवन

**Q-3 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें :**

प्रश्न 1. अतीत से कितना लेना चाहिए?

प्रश्न 2. कवि कौन से बंधन तोड़ना चाहता है?

प्रश्न 3. नया हाथ क्या है?

प्रश्न 4. यह कविता आपको कैसी लगी?

प्रश्न 5. कवि कौन-सा भाव उत्पन्न करना चाहता है?

प्रश्न 6. हमारे समाज में कौन-कौन से द्वेष व्याप्त हैं?

प्रश्न 7. मलय पवन क्या है?

प्रश्न 8. भाषा को क्या देना है?

## Multiple Choice Questions

**(a) कवि कुरूप को कैसा रूप देने की बात करता है?**

(i) अनोखा

(ii) विशाल

(iii) सलोना

(iv) साधारण

**(b) कवि दुनिया को किस दृष्टि से देखने की बात करता है?**

(i) एक दृष्टि

(ii) विषम दृष्टि

(iii) अनोखी दृष्टि

(iv) सामान्य दृष्टि

**(c) इस कविता के रचयिता कौन हैं?**

(i) नागार्जुन

(ii) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

(iii) सुमित्र नंदन पंत

(iv) धर्मवीर भारती

**(d) कवि किसके समान उठने की बात करता है?**

(i) वृक्ष

(ii) कुतुबमीनार

(iii) इमारत

(iv) गगन

**Chapter-17 टूटा पहिया**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में**

प्रश्न 1. रथ का टूटा हुआ पहिया क्या कहता है ?

प्रश्न 2. टूटा हुआ पहिया हमारे किस काम आ सकता है?

प्रश्न 3. अभिमन्यु को कवि ने दुस्साहसी क्यों कहा?

प्रश्न 4. टूटा हुआ पहिया विपत्ति के समय किससे लोहा लेने के काम आ सकता है?

प्रश्न 5 टूटा हुआ पहिया स्वयं को न फेंकने की बात क्यों कहता है?

**Q-2 प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

प्रश्न 1. टूटा पहिया किसका प्रतीक है? कवि इस प्रतीक के माध्यम से क्या स्पष्ट करना चाहता है?

प्रश्न 2. अकेली निहत्थी आवाज़ और ब्रह्मास्त्रों से क्या तात्पर्य है, स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. धर्मवीर भारती की इस कविता का सारांश अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए:**

राजा

पत्नी

शेर

धोबी

नेता

## Multiple Choice Questions

**(a) इस कविता के रचयिता कौन हैं?**

(i) रमेश वर्मा

(ii) धर्मवीर भारती

(iii) नागार्जुन

(iv) सुमित्र नंदन पंत

**(b) मैं रथ का टूटा --------------- हूँ। पंक्ति को पूरा करो।**

(i) खिरा

(ii) पायदान

(iii) पहिया

(iv) शीर्ष

**(c) कवि सच्चाई को किसका आश्रय लेने की बात कहता है?**

(i) टूटा पहिया

(ii) सारथी

(iii) अर्जुन

(iv) श्रीकृष्ण

**(d) टूटे हुए पहिए का संबंध किससे है?**

(i) रथ

(ii) ताँगा

(iii) रेलगाड़ी

(iv) बैलगाड़ी

**Chapter-18 शिवजी का सच्चा स्वरूप**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें :**

प्रश्न 1. दालान के सामने क्या स्थित है?

प्रश्न 2. आवाजी सोनदेव किस प्रांत को जीत कर लौटे थे?

प्रश्न 3. हम्मालों के झुंड के पीछे क्या था?

प्रश्न 4. आवाजी सोनदेव शिवाजी को क्या बताता है?

प्रश्न 5. शिवाजी मालवियों के बारे में क्या पूछते हैं?

प्रश्न 6. शिवाजी घुड़सवारों के बारे में क्या पूछते हैं?

प्रश्न 7. आवाजी सोनदेव ने लूट का माल क्या क्या बताया ?

प्रश्न 8. कल्याण के सूबेदार का क्या नाम था?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

प्रश्न 1. इस एकांकी के आधार पर शिवाजी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

प्रश्न 2. सूबेदार अहमद की पुत्रवधू को उठा लाने पर, सेनापति को शिवाजी ने जो कुछ कहा उसका संक्षेप में वर्णन कीजिए।

प्रश्न 3. इस एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

**Q-3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए:**

सेना

लड़की

पालकी

पंखा

किताब

**Q-4 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए:**

चिड़िया

नर

लोटा

माली

पतीला

## Multiple Choice Questions

**(a) शिवाजी कौन थे?**

(i) मुग़ल बादशाह

(ii) मौर्य राजा

(iii) मराठा वीर

(iv) सिक्ख वीर

**(b) शिवाजी के सेनापति कौन थे?**

(i) मोरोपंत

(ii) आदिल शाह

(iii) राणा प्रताप

(iv) आवाजी सोनदेव

**(c) कल्याण के सूबेदार का क्या नाम था?**

(i) अहमद

(ii) राजेंद्र

(iii) शाहबाज

(iv) अब्दुल खाँ

**(d) किसकी वेशभूषा शिवाजी से मिलती जुलती थी?**

(i) सोनदेव

(ii) मोरोपंत

(iii) अहमद

(iv) सेनापति के पुत्र

**Chapter-19 खुशामद**

**Q-1 इन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें :**

प्रश्न 1. खुशामद शब्द किस भाषा का है?

प्रश्न 2. आजकल खुशामदी होना क्यों आवश्यक है?

प्रश्न 3. खुशामदी व्यक्ति की क्या विशेषता होती है?

प्रश्न 4. लेखक खुशामद के क्या लाभ बताते हैं?

**Q-2 इन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दें:**

प्रश्न 1. खुशामद न करने वालों के बारे में लेखक का क्या विचार है?

प्रश्न 2. इस पाठ के व्यंग्य को अपने शब्दों में स्पष्ट करो।

**Q-3 भाववाचक संज्ञा बनाइए:**

निर्दोष

निडर

योगी

कपटी

अच्छा

## Multiple Choice Questions

**(a) इस व्यंग्य के लेखक कौन हैं?**

(i) प्रतापनारायण मिश्र

(ii) प्रेमचंद

(iii) जैनेंद्र जैन

(iv) मोहन राकेश

**(b) जो व्यक्ति खुशामद से रीझता नहीं वह कैसा मनुष्य है?**

(i) समझदार

(ii) मूर्ख

(iii) चतुर

(iv) सामान्य

**(c) खुशामद' शब्द किस भाषा का है?**

(i) फ़ारसी

(ii) हिंदी

(iii) उर्दू

(iv) पंजाबी

**(d) वह वास्तव में एक ------ शब्द है। पंक्ति को पूरा कीजिए।**

(i) साधारण

(ii) निम्न

(iii) करामाती

(iv) स्त्रीसूचक